# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अप्रैल भाग-1 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. 'जीन एडिटिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    1. इसमें विदेशी आनुवंशिक सामग्री का प्रवेश शामिल है।
    2. यह बेहतर उपज देने वाली फसलों के प्रकार उत्पन्न करती है।
    3. यह जैविक के साथ-साथ अजैविक रूप से अधिक प्रतिरोधी प्रकार के बीज उत्पन्न करती है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2
    C. केवल 2 और 3
    D. 1, 2 और 3

2. 'RAMP' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह MSME क्षेत्र के प्रदर्शन को बढ़ाने से संबंधित है।
    2. यह यू.के. सिन्हा समिति द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप है।
    3. यह विश्व बैंक द्वारा समर्थित केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प का चयन कीजिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. 1, 2 और 3

3. भू-विरासत स्थलों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. भू-विरासत का तात्पर्य ऐसी भूवैज्ञानिक मुखाकृतियों या स्थानों से है, जो स्वाभाविक रूप से या सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं और पृथ्वी के विकास या पृथ्वी विज्ञान के इतिहास के लिये अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
    2. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) मूल निकाय है, जो भू-विरासत स्थलों की पहचान और उनके संरक्षण की दिशा में प्रयास कर रहा है।
    3. शिवालिक जीवाश्म पार्क को हाल ही में भू-विरासत स्थल का दर्जा दिया गया है।

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. 1, 2 और 3

4. सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (AFSPA), 1958 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. केवल राज्य सरकार ही राज्य पर AFSPA लगा सकती है।
    2. यह सशस्त्र बलों को कानून के उल्लंघन पर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने, यहाँ तक कि मौत का कारण बनने के लिये व्यापक शक्तियाँ प्रदान करता है।
    3. जहाँ AFSPA लगाया गया है उन राज्यों में सशस्त्र बल एक स्वतंत्र निकाय के रूप में कार्य कर सकते हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

5. चिल्का झील के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चिल्का झील एशिया की सबसे बड़ी लैगून है।
2. इरावदी डॉल्फिन एक स्थानिक प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी।
2. CBI गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. 'राष्ट्रीय पेंशन योजना' (NPS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 18 से 70 वर्ष की आयु के भारत के सभी नागरिकों को इसका हिस्सा बनने की अनुमति देती है।
2. अनिवासी भारतीयों (NRIs) और भारतीय निवासियों को NSP में शामिल होने की अनुमति है।
3. केवल 60% सेवानिवृत्ति कोष को वापस लिया जा सकता है, जो कर मुक्त होता है, वहीं शेष 40% को 'वार्षिकी' में निवेश किया जाता है, जिस पर कर लगता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

8. पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के तहत कार्य करता है।
2. यह निजी संस्थानों/संगठनों और असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारियों द्वारा सदस्यता प्राप्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) को नियंत्रित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

9. अंटार्कटिक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के नियंत्रण में है।
   2. भारत अंटार्कटिक संधि प्रणाली में शामिल है।
   3. 'मैत्री' और 'हिमाद्री' अंटार्कटिका में भारत के अनुसंधान केंद्र हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

10. लिंगायतों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. लिंगायत 12वीं सदी के समाज सुधारक-दार्शनिक कवि बसवेश्वर के अनुयायी हैं।
   2. इस समुदाय के लोग बहुदेववादी हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिये:
   1. अश्गाबात समझौते का लागू होना।
   2. उज़्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान द्वारा अश्गाबात समझौते पर हस्ताक्षर।
   3. कतर का अश्गाबात समझौते से हटना।
   4. भारत का अश्गाबात समझौते में शामिल होना।

   निम्नलिखित में से कौन-सा उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम है?

   A. 1-2-4-3
   B. 2-1-3-4
   C. 3-4-1-2
   D. 2-3-1-4

12. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | व्यापार समझौतों के प्रकार | विशेषताएँ |
|---|---|---|
| 1. | मुक्त व्यापार समझौते (FTA) | दो या दो से अधिक देश अधिमान्य व्यापार शर्तें, टैरिफ रियायतें प्रदान करने के लिये सहमत होते हैं। |
| 2. | व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA) | सेवाओं और निवेश तथा आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों मंर व्यापार पर बातचीत को शामिल किया जाता है। |
| 3. | व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA) | केवल व्यापार शुल्क और टीआरक्यू (टैरिफ दर कोटा) दरों पर बातचीत को शामिल किया जाता है। |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

नोट :

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. नौवीं अनुसूची जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्रित्व काल के दौरान भारत के संविधान में पेश की गई थी।
    2. इसे भारतीय संविधान में सातवें संशोधन द्वारा जोड़ा गया था।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

14. 'एग्रीस्टैक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह प्रौद्योगिकियों और डिजिटल डेटाबेस का एक संग्रह है जो किसानों और कृषि क्षेत्र पर केंद्रित है।
    2. यह किसानों को कृषि खाद्य मूल्य श्रृंखला में एंड-टू-एंड सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक एकीकृत मंच तैयार करेगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

15. मानव जीनोम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. मानव जीनोम ज़्यादातर सभी लोगों में समान होता है, लेकिन डीएनए का एक बहुत छोटा हिस्सा एक व्यक्ति और दूसरे के बीच भिन्न होता है।
    2. प्रत्येक जीव का आनुवंशिक कोड उसके डीऑक्सीराइबोज न्यूक्लिक एसिड (DNA) में निहित होता है, जो जीवन के निर्माण खंड हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. नेपाल के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों की शुरुआत 1950 की शांति और मित्रता संधि से हुई।
    2. नेपाल उन चार देशों में से एक है जहाँ भारत की रुपे (RuPay) भुगतान प्रणाली मौजूद है।
    3. भारत और नेपाल ने लुंबिनी-वाराणसी और काठमांडू-अयोध्या को जुड़वा शहर बनाने के लिये सिस्टर-सिटी समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 1 और 2
    C. केवल 1 और 3
    D. केवल 2 और 3

17. जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (IPCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।
    2. इसे विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) और संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा स्थापित किया गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. 'नियर फील्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विद्युत चुंबकीय रेडियो क्षेत्रों के माध्यम से डेटा प्रसारित करता है।

2. नियर फील्ड कम्युनिकेशन डिवाइस में डेटा ट्रांसमिशन केवल भौतिक स्पर्श से होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

19. ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल टीवी चैनल्स और सामुदायिक रेडियो चैनल्स को ही अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा।

2. यह आवेदनों के टर्न-अराउंड समय को कम करेगा और साथ ही आवेदकों को उनकी प्रगति को ट्रैक करने में मदद करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

20. हाल ही में निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा 'वायु गुणवत्ता डेटाबेस 2022' जारी किया गया है?

A. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)

B. संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (UNSDSN)

C. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

21. 'विमुक्त जनजातियों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें संवैधानिक मान्यता प्राप्त हैं।

2. राष्ट्रीय विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजाति आयोग (2006) की अध्यक्षता बालकृष्ण सिदराम रेन्के ने की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

22. स्वतंत्रता सेनानी प्रह्लादजी पटेल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे विनोबा भावे के भूदान आंदोलन में शामिल हुए।
2. उन्होंने रियासतों के विलय में सरदार पटेल की मदद की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. यमुना नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मसूरी रेंज में बंदरपूँछ चोटियों के पास से निकलती है।
2. चंबल, सिंध, बेतवा और केन इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. निम्नलिखित में से कौन सा/से बाबू जगजीवन राम के योगदान से संबंधित है/हैं?

1. वर्ष 1934-35 में अखिल भारतीय दलित वर्ग लीग की नींव रखने में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान था।
2. उन्होंने राँची में हैमोंड आयोग (1935) में पहली बार दलितों के लिये मतदान के अधिकार की मांग की।
3. वर्ष 1940 के दशक में भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़ी उनकी राजनीतिक गतिविधियों के लिये उन्हें दो बार जेल भेजा गया था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

25. निपाह वायरस के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक जूनोटिक वायरस है।
2. निपाह वायरस एक आरएनए वायरस है।
3. वर्ष 1990 में केरल में इस वायरस का पहला मामला सामने आया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

26. ज़िला गंगा समितियों (DGCs) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रबंधन और प्रदूषण उपशमन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु गंगा नदी बेसिन वाले ज़िलों में DGCs का गठन किया गया है।
2. नमामि गंगे के तहत सृजित परिसंपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिये DGCs को अधिदेशित किया गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

27. 'गैनोडर्मा ल्यूसिडम' का उपयोग सदियों से मधुमेह, कैंसर, सूजन, अल्सर के साथ-साथ बैक्टीरिया और त्वचा के संक्रमण जैसी बीमारियों को ठीक करने के लिये किया जाता रहा है। यह एक प्रकार का है-

A. मशरूम

B. जड़ी बूटी

C. समुद्री शैवाल

D. अल्पाइन कवक

28. सामूहिक विनाश के हथियार (WMD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. WMD के प्रसार को नियंत्रित करने के प्रयास जैविक हथियार सम्मेलन, 1973 और रासायनिक हथियार सम्मेलन, 1993 में निहित हैं।
2. भारत जैविक हथियार सम्मेलन और रासायनिक हथियार सम्मेलन दोनों का हस्ताक्षरकर्त्ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्राकृतिक खेती के लिये अभी भी बुनियादी कृषि पद्धतियों जैसे- जुताई, गुड़ाई, खाद का मिश्रण, निराई आदि की आवश्यकता होती है।
2. जैविक खेती में न जुताई होती है, न मिट्टी को पलटा जाता है और न ही उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है तथा किसी भी पद्धति को ठीक उसी तरह नहीं अपनाया जाता है जैसे प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. 'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण का मुकाबला करना है।
2. इसका सचिवालय पेरिस में स्थित है।
3. भारत FATF का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

31. एबी ऑरिगे बी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक नया खोजा गया एक्सोप्लैनेट है जो बृहस्पति से लगभग 9 गुना अधिक विशाल है।.
2. यह वृषभ-औरिगा तारा-निर्माण क्षेत्र का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों का उपयोग सुदूर संवेदन के लिये किया जाता है और ये भू-समकालिक कक्षा में कार्यरत होते हैं।
2. मेघा-ट्रॉपिक्स, सरल पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों के उदाहरण हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. 'भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक प्राधिकरण है।
2. यह एक 16-अंकीय विशिष्ट पहचान (UID) संख्या (आधार) प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास (संशोधन) विधेयक, 2020 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 1995 में संशोधन करेगा।
2. इसमें सीवर की सफाई को पूरी तरह मशीनीकृत बनाने का प्रस्ताव है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

35. 'चुनावी बॉण्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'चुनावी बॉण्ड' जारी करने की अधिकतम सीमा 5 करोड़ रुपए है।
2. कोई भी राष्ट्रीय बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने हेतु अधिकृत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

36. 'केंद्रीय तिब्बती राहत समिति' (CTRC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें भारत, नेपाल और म्याँमार में तिब्बती बस्तियों के सदस्य शामिल हैं।
2. इसकी सभी गतिविधियाँ TPiE (निर्वासन में तिब्बती संसद) से अनुमोदन के बाद की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. 'सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट' बूस्टर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत और इज़रायल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक मिसाइल प्रणोदन तकनीक है।
2. रैमजेट वायु-श्वास जेट इंजन का एक रूप है जो दहन के लिये आने वाली हवा को संपीड़ित करने हेतु वाहन की 'अग्र गति' का उपयोग करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में व्यक्तियों के विदेशी वित्तपोषण को FCRA अधिनियम के तहत नियंत्रित किया जाता है तथा इसे वित्त मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।
2. इस अधिनियम के तहत विदेशी अंशदान लेने वाले संगठनों को प्रत्येक पाँच वर्ष में अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39 हाल ही में चर्चा में रहा विश्व खाद्य मूल्य सूचकांक निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया जाता है?

A. खाद्य और कृषि संगठन
B. यूनिसेफ
C. एमनेस्टी इंटरनेशनल
D. संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी

40. 'मलेरिया' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं, उसके बाद श्वेत रक्त कोशिकाओं को नष्ट करते हैं।
2. केवल प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम परजीवी ही मनुष्यों को संक्रमित कर सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

41: भारत में मध्यस्थता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मध्यस्थता एक स्वैच्छिक एवं और बाध्यकारी प्रक्रिया है जिसमें एक निष्पक्ष मध्यस्थ विवाद करने वाले पक्षों को समझौता करने में मदद करता है।
2. यह नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 द्वारा शासित नहीं है बल्कि मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 द्वारा शासित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. 'इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ सिक्योरिटीज़ कमीशन' (IOSCO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दुनिया के प्रतिभूति नियामकों को एक साथ लाता है।
2. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड इसके सदस्यों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43 'उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना (PLI scheme) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह श्रम प्रधान क्षेत्रों का समर्थन करता है।
2. इससे विदेशों पर भारत की निर्भरता कम होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44 पिनाका रॉकेट सिस्टम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पिनाका रॉकेट सिस्टम एक मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम है, जिसका नाम भगवान शिव के धनुष के नाम पर रखा गया है।
2. इसका इस्तेमाल पहली बार 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45 त्रिभाषा सूत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे पहली बार 1968 में कोठारी आयोग द्वारा प्रस्तावित किया गया था।
2. योजना के तहत सभी तीन भाषाओं का उल्लेख भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नीति आयोग द्वारा हाल ही में राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक (SECI) लॉन्च किया गया है।
2. SECI में प्रमुख राज्यों में गुजरात, केरल और पंजाब शीर्ष तीन प्रदर्शनकर्त्ता हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47 'माइक्रोस्विमर्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये द्वि-आयामी यौगिक कार्बन नाइट्राइड से बने माइक्रोबॉट्स होते हैं।
2. वे डॉक्टरों को मानव शरीर के अंदर लक्षित क्षेत्रों में दवाएँ पहुँचाने की अनुमति दे सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (GSLV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान की तुलना में कक्षा में भारी पेलोड ले जाने की क्षमता रखता है।
2. इसे मुख्य रूप से पृथ्वी अवलोकन या रिमोट सेंसिंग उपग्रहों को वितरित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. 'इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इंफॉर्मेशन सर्विसेज़' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के अधीन है।
2. यह हैदराबाद में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामाजिक कार्यकर्त्ता विट्ठलराव कृष्णजी वांडेकर द्वारा उन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी गई थी।
2. उन्होंने वर्ष 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की।
3. तृतीया रत्न, पोवाड़ा और गुलामगिरी इनकी कुछ रचनाएँ हैं।

उपर्युक्त विवरण निम्नलिखित में से किसकी व्याख्या करते हैं?

A. ज्योतिबा फुले
B. एमजी रानाडे
C. बाल गंगाधर तिलक
D. बी.आर. अंबेडकर

नोट :

51. हाल ही में समाचारों में रहा InTranSE निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

B. मानव जीनोम एडिटिंग

C. स्मार्ट परिवहन प्रणाली

D. भारत और श्रीलंका के बीच सैन्य अभ्यास

52. जलियांवाला बाग हत्याकांड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिगेडियर आर.ई.एच. डायर नरसंहार के लिये ज़िम्मेदार था।
2. मारे गए लोग वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट का विरोध कर रहे थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. हाल ही में ग्लोबल विंड रिपोर्ट 2022 निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की गई है?

A. अंतर्राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संघ (IWEA)

B. संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क (UNSDSN)

C. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)

D. वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद (GWEC)

54. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. म्याँमार, मॉरीशस और मालदीव इसके स्थायी सदस्य हैं।
2. संगठन का मुख्यालय और सचिवालय काठमांडू, नेपाल में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

55. पीएम स्वनिधि योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना के तहत विक्रेता 5,000 रुपए तक कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त कर सकते हैं जिसे मासिक किश्तों में चुकाया जा सकता है।
2. ऋण के शीघ्र भुगतान पर न तो ब्याज पर कोई सब्सिडी प्राप्त होगी और न ही कोई ज़ुर्माना लगाया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. वर्णांधता (कलर ब्लाइंडनेस) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रेटिना में खराबी के कारण होता है।
2. यह केवल एक आनुवंशिक विकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

57. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले केवल संविधान के उल्लंघन के आधार पर पद से हटाया जा सकता है।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-62 के तहत 'संविधान के उल्लंघन' को परिभाषित किया गया है।
3. महाभियोग की प्रक्रिया संसद के किसी भी सदन में शुरू की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

58.. मध्याह्न भोजन योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना के लिये शिक्षा मंत्रालय नोडल मंत्रालय है।
2. इसमें सरकारी स्कूलों के सभी छात्र शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

59. निम्नलिखित में से किस संगठन की स्थापना डॉ. भीमराव अंबेडकर ने की थी?

A. बहिष्कृत हितकारिणी सभा
B. स्वतंत्र लेबर पार्टी
C. अनुसूचित जाति संघ
D. उपरोक्त सभी

60. भगवान महावीर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. महावीर का जन्म वज्जि राज्य में राजा सिद्धार्थ के यहाँ हुआ था।
2. महावीर इक्ष्वाकु वंश के थे।
3. साधारण लोग महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं को समझने में सक्षम थे क्योंकि वे पाली भाषा का इस्तेमाल करते थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही विकल्प चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1,2 और 3

61. 'राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण' (NALSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत स्थापित किया गया था।
2. भारत के मुख्य न्यायाधीश नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

62. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| पारंपरिक त्योहार | राज्य |
|---|---|
| 1. पुथांडु | केरल |
| 2. विशु | तमिलनाडु |
| 3. पोइला बैसाखी | पश्चिम बंगाल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

63. 'पामकिंग' हाल ही में चर्चा में रही है. यह है:

A. तमिलनाडु में पहली बार दिखी गई एक तितली।
B. केरल की साइलेंट वैली में मिली बंदर की एक प्रजाति।
C. मन्नार की खाड़ी में खोजी गई एक प्रकार की मछली।
D. मालाबार के पश्चिमी किनारे पर एक प्रकार की प्रवाल भित्तियाँ।

64. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोई व्यक्ति जो किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो, वह इसका अध्यक्ष बन सकता है।
2. अध्यक्ष की नियुक्ति राष्ट्रपति अपने विवेक से करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. 'दक्षिण-पश्चिम मानसून' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दक्षिण-पश्चिम मानसूनी वर्षा मौसमी प्रकृति की होती है।
2. इसका गठन 'इंटर ट्रॉपिकल कन्वर्जेंस ज़ोन' से प्रभावित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या भाग-1

1. उत्तर: C

व्याख्या

- जीन एडिटिंग (जिसे जीनोम एडिटिंग भी कहा जाता है) प्रौद्योगिकियों का एक समुच्चय है जो वैज्ञानिकों को एक जीव के डीएनए (DNA) को बदलने की क्षमता उपलब्ध कराता है।
- ये प्रौद्योगिकियाँ जीनोम में विशेष स्थानों पर आनुवंशिक सामग्री को जोड़ने, हटाने या बदलने में सहायक होती हैं।

- जीनोम एडिटिंग और जेनेटिक इंजीनियरिंग के बीच मूल अंतर यह है कि जीनोम एडिटिंग में विदेशी आनुवंशिक सामग्री का प्रवेश शामिल नहीं है, जबकि जेनेटिक इंजीनियरिंग में ऐसा होता है।
- कृषि के संदर्भ में दोनों तकनीकों का उद्देश्य जैविक व अजैविक रूप से अधिक प्रतिरोधी तथा बेहतर उपज देने वाले बीज उत्पन्न करना है। अत: विकल्प C सही है।

2. उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमएसएमई के प्रदर्शन को बेहतर और तेज़ करने यानी RAMP (Rising and Accelerating MSME Performance) योजना को मंज़ूरी दी है, जिसकी शुरुआत वित्त वर्ष 2022-23 में होगी। अत: कथन 1 सही है।
- यह यू.के सिन्हा समिति, के.वी कामथ समिति तथा प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (PMEAC) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप है। अत: कथन 2 सही है।
    - भारतीय रिज़र्व बैंक ने MSME क्षेत्र की आर्थिक और वित्तीय स्थिरता हेतु दीर्घकालिक उपायों का सुझाव देने के लिये वर्ष 2019 में यू.के. सिन्हा की अध्यक्षता में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।
- यह विश्व बैंक से सहायता प्राप्त केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसके तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

3. उत्तर: D

व्याख्या

- भू-विरासत का तात्पर्य ऐसी भूवैज्ञानिक मुखाकृतियों या स्थानों से है, जो स्वाभाविक रूप से या सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं और पृथ्वी के विकास या पृथ्वी विज्ञान के इतिहास के लिये अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं अथवा इनका उपयोग शैक्षिक उद्देश्यों के लिये किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) वह मूल निकाय है, जो देश में भू-विरासत स्थलों/राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक स्मारकों की पहचान और संरक्षण की दिशा में प्रयास कर रहा है। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) ने भारतीय हिमालयी क्षेत्र में दो भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों की पहचान की है।
- इसके तहत शिवालिक जीवाश्म उद्यान (हिमाचल प्रदेश) और स्ट्रोमेटोलाइट बेयरिंग डोलोमाइट/बक्सा फॉर्मेशन के चूना पत्थर (सिक्किम) की पहचान की गई है। अत: कथन 3 सही है।
- (MoMSME) से जुड़ी कोविड-19 संबंधित चुनौतियों के समाधान हेतु आवश्यक मदद दी जा रही है। अत: कथन 3 सही है।

4. उत्तर: B

व्याख्या

- AFSPA सशस्त्र बलों को निरंकुश शक्तियाँ देता है।
    - उदाहरण के लिये यह उन्हें कानून का उल्लंघन करने वाले या हथियार और गोला-बारूद रखने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गोली चलाने की अनुमति देता है, भले ही इससे उस व्यक्ति की मृत्यु हो जाए। अत: कथन 2 सही है।
    - साथ ही यह उन्हें "उचित संदेह" के आधार पर वारंट के बिना ही व्यक्तियों को गिरफ्तार करने और परिसर की तलाशी लेने की शक्ति प्रदान करता है।
- धारा 3 के तहत "अशांत" क्षेत्र घोषित किये जाने के बाद इसे केंद्र या किसी राज्य के राज्यपाल द्वारा, राज्य या उसके कुछ हिस्सों पर लगाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - अधिनियम को वर्ष 1972 में संशोधित किया गया था, इसके अंतर्गत किसी क्षेत्र को "अशांत" घोषित करने की शक्तियाँ राज्यों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी प्रदान की गई थीं।
    - वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) केवल नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश के लिये AFSPA का विस्तार करने हेतु समय-समय पर "अशांत क्षेत्र" अधिसूचना जारी करता है।
    - मणिपुर और असम के लिये अधिसूचना राज्य सरकारों द्वारा जारी की जाती है।

नोट :

- त्रिपुरा ने वर्ष 2015 में अधिनियम को निरस्त कर दिया तथा मेघालय 27 वर्षों के लिये AFSPA के अधीन था, जब तक कि इसे 1 अप्रैल, 2018 से MHA द्वारा निरस्त नहीं कर दिया गया।

- सशस्त्र बलों को ज़िला प्रशासन के सहयोग से कार्य करना चाहिये, न कि एक स्वतंत्र निकाय के रूप में। अत: कथन 3 सही नहीं है।

5. उत्तर: A

व्याख्या

चिल्का झील:

- चिल्का एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा लैगून है। अत: कथन 1 सही है।
- यह भारत के पूर्वी तट पर ओडिशा राज्य में स्थित है, जो बंगाल की खाड़ी से रेत की एक छोटी सी पट्टी से अलग होता है।
- यह भारत के पूर्वी तट पर ओडिशा के पुरी, खुर्दा और गंजम ज़िलों में फैली है तथा दया नदी (Daya River) के मुहाने से बंगाल की खाड़ी तक 1,100 वर्ग किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करती है।
- शीतकाल के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने वाला सबसे बड़ा मैदान होने के साथ ही यह पौधों और जानवरों की कई संकटग्रस्त प्रजातियों का निवास स्थान है।
- वर्ष 1981 में चिल्का झील को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का पहला भारतीय आर्द्रभूमि नामित किया गया था।
- इरावदी डॉल्फिन दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में तटीय क्षेत्रों तथा तीन प्रमुख नदियों- अय्यारवाडी (म्यांँमार), महाकाम (इंडोनेशियाई बोर्नियो) और मेकांग में पाई जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

6. उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी।
    - अब CBI कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- CBI को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से जाँच संबंधी शक्ति प्राप्त होती है।
- भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी। अत: कथन 1 सही है
- CBI केंद्र सरकार की प्रमुख जाँच एजेंसी है।
    - यह केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं लोकपाल को भी सहायता प्रदान करती है।
    - यह भारत में नोडल पुलिस एजेंसी भी है, जो इंटरपोल सदस्य देशों की ओर से जाँच का समन्वय करती है।

7. उत्तर: D

व्याख्या:

- इस प्रणाली की शुरुआत केंद्र सरकार ने जनवरी 2004 में (सशस्त्र बलों को छोड़कर) की थी। राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) को सरकार के लिये पेंशन देनदारियों से छुटकारा पाने के तरीके के रूप में लॉन्च किया गया था।
- NPS को देश में PFRDA (पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा कार्यान्वित एवं विनियमित किया जा रहा है।
- NPS का 'ऑल सिटीज़न मॉडल' 18 से 70 वर्ष की आयु के भारत के सभी नागरिकों (NRIs सहित) को NPS में शामिल होने की अनुमति देता है। अत: कथन 1 सही है।
    - यहाँ तक कि निजी व्यक्ति भी इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह एक सहभागी योजना है, जहाँ कर्मचारी सरकार के समान योगदान के साथ वेतन से अपने पेंशन कोष में योगदान करते हैं। इसके बाद निधियों को पेंशन निधि प्रबंधकों के माध्यम से निर्धारित निवेश योजनाओं में निवेश किया जाता है।
- सेवानिवृत्ति के समय वे कुल राशि का 60% निकाल सकते हैं, जो कर-मुक्त है और शेष 40% राशि को वार्षिकी में निवेश किया जाता है, जिस पर कर लगता है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

8. उत्तर: C

व्याख्या:

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA):

- परिचय:
  - यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के व्यवस्थित विनियमन, इसे बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिये संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित वैधानिक प्राधिकरण है।
    - पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 19 सितंबर, 2013 को पारित किया गया था।
  - यह वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Service) के अंतर्गत कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- कार्य:
  - राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) जिसके अभिदाताओं में केंद्र सरकार/राज्य सरकारों निजी संस्थानों/संगठनों और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारी शामिल हैं, का नियमन PFRDA द्वारा किया जाता है। अत: कथन 2 सही है
  - यह विभिन्न मध्यवर्ती एजेंसियों जैसे- पेंशन फंड मैनेजर (Pension Fund Manager), सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (Central Record Keeping Agency) आदि की नियुक्ति का कार्य करता है।
  - यह NPS के तहत पेंशन उद्योग के विकास, इसे बढ़ावा देने और नियंत्रण का कार्य करता है तथा अटल पेंशन योजना का प्रबंधन भी करता है।

9. उत्तर: B

व्याख्या:

- अंटार्कटिक पृथ्वी का सबसे दक्षिणी महाद्वीप है। इसमें भौगोलिक रूप से दक्षिणी ध्रुव शामिल है और यह दक्षिणी गोलार्द्ध के अंटार्कटिक क्षेत्र में स्थित है।
  - 14,00,000 वर्ग किलोमीटर में फैला यह पाँचवाँ सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राष्ट्रीय अंटार्कटिक और महासागर अनुसंधान केंद्र के नियंत्रण में एक बहु-विषयक, बहु-संस्थागत कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत आधिकारिक तौर पर अगस्त 1983 में अंटार्कटिक संधि प्रणाली में शामिल हुआ। अत: कथन 2 सही है।
- इस महाद्वीप पर भारत के दो अनुसंधान केंद्र हैं: 'मैत्री' (1989) और 'भारती' (2012)।
- आर्कटिक सर्कल के ऊपर स्वालबार्ड में 'हिमाद्री' स्टेशन के साथ भारत ध्रुवीय क्षेत्रों में शोध वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

10. उत्तर: A

व्याख्या:

- लिंगायत शब्द एक ऐसे व्यक्ति को दर्शाता है, जो एक विशिष्ट दीक्षा समारोह के दौरान प्राप्त 'लिंग' (भगवान शिव का एक प्रतिष्ठित रूप) को अपने शरीर पर धारण करता है।
- लिंगायत 12वीं सदी के समाज सुधारक-दार्शनिक कवि बसवेश्वर के अनुयायी हैं। अत: कथन 1 सही है।
- बसवेश्वर जाति व्यवस्था एवं वैदिक रीति-रिवाज़ों के खिलाफ थे।
- लिंगायत सख्त एकेश्वरवादी हैं। वे केवल एक भगवान, लिंग (शिव) की पूजा का आदेश देते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- 'लिंग' शब्द का अर्थ मंदिरों में स्थापित लिंग नहीं है, बल्कि सार्वभौमिक ऊर्जा (शक्ति) द्वारा योग्य सार्वभौमिक चेतना है।
- लिंगायतों को "वीरशैव लिंगायत" नामक एक हिंदू उपजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उन्हें शैव माना जाता है।

11. उत्तर: D

व्याख्या:

अश्गाबात समझौता:

- इस समझौते का उद्देश्य मध्य एशिया और फारस की खाड़ी के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय मल्टीमॉडल परिवहन और पारगमन गलियारा स्थापित करना है।
  - इसका उद्देश्य यूरेशियन क्षेत्र के भीतर कनेक्टिविटी को बढ़ाना और इसे अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) सहित अन्य क्षेत्रीय परिवहन गलियारों के साथ जोड़ना है।
- समझौते पर पहली बार 25 अप्रैल, 2011 को उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ईरान ओमान और कतर द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे।
- वर्ष 2013 में कतर समझौते से हट गया, कज़ाखस्तान और पाकिस्तान वर्ष 2016 में समूह में शामिल हो गए।
- अप्रैल 2016 में अश्गाबात समझौता लागू हुआ।
- वर्ष 2018 में भारत अश्गाबात समझौते में शामिल हुआ। अत: विकल्प D सही है।

12. उत्तर: A.

व्याख्या:

- मुक्त व्यापार समझौता (FTA) दो या दो से अधिक देशों के बीच एक समझौता है। इसके तहत दो देशों के बीच आयात-निर्यात हेतु उत्पादों पर सीमा शुल्क, नियामक कानून, सब्सिडी आदि को सरल बनाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- एक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (CEPA), साझेदारी समझौता या सहयोग समझौता एफटीए की तुलना में अधिक व्यापक है।
  - CEPA के अंतर्गत सेवाओं और निवेश तथा आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों में व्यापार संबंधी बातचीत शामिल है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- एक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (CECA) में आमतौर पर केवल व्यापार शुल्क और TRQ (टैरिफ दर कोटा) दरों पर बातचीत शामिल है। यह CEPA जितना व्यापक नहीं है। अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।

  अत: विकल्प A. सही है।

13. उत्तर: A

व्याख्या:

नौवीं अनुसूची:

- नौवीं अनुसूची को भारतीय संविधान में पहले संशोधन द्वारा जोड़ा गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसे 10 मई, 1951 को जवाहरलाल नेहरू सरकार द्वारा भूमि सुधार कानूनों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर न्यायालय में चुनौती दिये जाने से बचाने के लिये पेश किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसे नए अनुच्छेद 31B द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया था।
  - अनुच्छेद 31B का एक पूर्वव्यापी (Retrospective) संचालन भी है, अर्थात् न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित होने के बाद भी यदि किसी कानून को नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाता है तो वह उस तारीख से संवैधानिक रूप से वैध माना जाएगा।
- जबकि अनुसूची के तहत संरक्षित अधिकांश कानून कृषि/भूमि के मुद्दों से संबंधित हैं, इसके साथ ही सूची में अन्य विषय भी शामिल हैं।
- हालाँकि अनुच्छेद 31B न्यायिक समीक्षा से परे है, जबकि बाद में शीर्ष अदालत द्वारा कहा गया कि नौवीं अनुसूची के तहत कानून भी न्यायिक समीक्षा के दायरे में आएंगे यदि वे मौलिक अधिकारों या संविधान के मूल ढाँचे का उल्लंघन करते हैं।

14. उत्तर: C

व्याख्या:

एग्रीस्टैक:

- यह प्रौद्योगिकियों और डिजिटल डेटाबेस का एक संग्रह है जो किसानों तथा कृषि क्षेत्र पर केंद्रित है। अत: कथन 1 सही है।
- एग्रीस्टैक किसानों को कृषि खाद्य मूल्य शृंखला में एंड टू एंड सेवाएँ प्रदान करने के लिये एक एकीकृत मंच तैयार करेगा। अत: कथन 2 सही है।

- यह केंद्र के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य भारत में भूमि के डिजिटलीकरण से लेकर मेडिकल रिकॉर्ड तक के डेटा को डिजिटाइज़ करने के लिये व्यापक प्रयास करना है।
- सरकार राष्ट्रीय भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (NLRMP) भी लागू कर रही है।
- इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक किसान की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान (किसानों की आईडी) होगी जिसमें व्यक्तिगत विवरण, उनके द्वारा खेती की जाने वाली भूमि की जानकारी, साथ ही उत्पादन और वित्तीय विवरण शामिल होंगे।
  - प्रत्येक आईडी व्यक्ति की डिजिटल राष्ट्रीय आईडी आधार से जुड़ी होगी।

15. उत्तर: C

व्याख्या:

- जीनोम एक जीव में मौजूद समग्र आनुवंशिक सामग्री को संदर्भित करता है और सभी लोगों में मानव जीनोम अधिकतर समान होता है, लेकिन डीएनए का एक बहुत छोटा हिस्सा एक व्यक्ति तथा दूसरे के बीच भिन्न होता है। अत: कथन 1 सही है।
- प्रत्येक जीव का आनुवंशिक कोड उसके डीऑक्सीराइबोज न्यूक्लिक एसिड (DNA) में निहित होता है, जो जीवन के निर्माण खंड होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1953 में जेम्स वाटसन और फ्राँसिस क्रिक द्वारा "डबल हेलिक्स" के रूप में संरचित डीएनए की खोज की गई,जिससे यह समझने में मदद मिली कि जीन किस प्रकार जीवन, उसके लक्षणों एवं बीमारियों का कारण बनते हैं।

16. उत्तर: B

व्याख्या:

भारत-नेपाल संबंध:

- ऐतिहासिक संबंध: नेपाल, भारत का एक महत्त्वपूर्ण पड़ोसी देश है और सदियों से चले आ रहे भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों के कारण यह विदेश नीति में विशेष महत्त्व रखता है।
  - वर्ष 1950 की 'भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि' दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत व नेपाल दोनों ही देशों में हिंदू व बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग हैं।
  - भारत और नेपाल हिंदू धर्म और बौद्ध धर्म के संदर्भ में समान संबंध साझा करते हैं। बुद्ध का जन्मस्थान लुंबिनी वर्तमान नेपाल में स्थित है।
- व्यापार और अर्थव्यवस्था: भारत, नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार होने के साथ-साथ विदेशी निवेश का सबसे बड़ा स्रोत भी है। इसके अलावा यह नेपाल के साथ व्यापार करने वाले लगभग प्रत्येक तीसरे देश को पारगमन की सुविधा प्रदान करता है।
  - हाल ही में नेपाल के प्रधानमंत्री ने भारत का दौरा किया और भारतीय प्रधानमंत्री के साथ एक शिखर बैठक की। शिखर सम्मेलन में भारत के RuPay कार्ड को नेपाल में लॉन्च करने का निर्णय लिया गया।
    - भूटान, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात के बाद नेपाल चौथा देश है, जहाँ रुपे (RuPay) भुगतान प्रणाली मौजूद है। अत: कथन 2 सही है।
- सांस्कृतिकl: भारत ने काठमांडू-वाराणसी, लुंबिनी-बोधगया और जनकपुर-अयोध्या को जुड़वा शहर बनाने के लिये तीन 'सिस्टर-सिटी' समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - 'सिस्टर-सिटी' संबंध दो भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग स्थानों के बीच कानूनी या सामाजिक समझौते का एक रूप है।

17. उत्तर: A

व्याख्या:

- जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है। अत: कथन 1 सही है।
- IPCC की स्थापना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) और विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organisation- WMO) द्वारा वर्ष 1988 में की गई थी। यह जलवायु परिवर्तन पर नियमित वैज्ञानिक आकलन, इसके निहितार्थ और भविष्य के संभावित जोखिमों के साथ-साथ अनुकूलन तथा शमन के विकल्प भी उपलब्ध कराता है। अत: कथन 2 सही है।

- IPCC आकलन जलवायु संबंधी नीतियों को विकसित करने हेतु सभी स्तरों पर सरकारों के लिये एक वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं और वे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क (United Nations Framework Convention on Climate Change- UNFCCC) में इस पर परिचर्चा करते हैं।

18. उत्तर: A

व्याख्या:

नियर फील्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (NFC) :

- NFC एक छोटी दूरी की वायरलेस कनेक्टिविटी तकनीक है जो एनएफसी-सक्षम उपकरणों (NFC-enabled Devices) को एक-दूसरे के साथ संवाद करने तथा स्पर्श के माध्यम से जल्दी और आसानी से जानकारी स्थानांतरित करने की अनुमति देती है- चाहे बिलों का भुगतान करना हो, बिज़नेस कार्ड का आदान-प्रदान करना हो, कूपन डाउनलोड करना हो या कोई दस्तावेज़ साझा करना हो।
- NFC दो उपकरणों के बीच संचार को सक्षम करने के लिये विद्युत चुंबकीय रेडियो क्षेत्रों के माध्यम से डेटा प्रसारित करता है। इसके लिये दोनों उपकरणों में एनएफसी चिप्स होना आवश्यक है क्योंकि लेन-देन एक निकटतम दूरी पर होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - डेटा ट्रांसफर के लिये एनएफसी-सक्षम डिवाइस का एक-दूसरे के साथ स्पर्श कराना या एक-दूसरे को कुछ सेंटीमीटर की दूरी पर रखना ज़रूरी होता है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2004 में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों- नोकिया, फिलिप्स और सोनी ने मिलकर एनएफसी फोरम का गठन किया, जिसने शक्तिशाली नए उपभोक्ता-संचालित उत्पादों को बनाने के लिये एनएफसी प्रौद्योगिकी हेतु रूपरेखा तैयार की।

19. उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल:
  - यह एक 360 डिग्री डिजिटल सल्यूशन (360 Degree Digital Solution) प्रस्तुत करता है जो हितधारकों को अनुमति लेने, पंजीकरण हेतु आवेदन करने, आवेदनों पर नज़र रखने, शुल्क की गणना करने तथा भुगतान करने की सुविधा प्रदान करेगा।
  - यह पोर्टल सभी हितधारकों को निजी उपग्रह टीवी चैनल्स, टेलीपोर्ट ऑपरेटर्स, मल्टी-सर्विसेज़ ऑपरेटर्स ( Multi-Services Operators- MSOs), सामुदायिक और निजी रेडियो चैनल्स आदि के लिये डिजिटल इंडिया के व्यापक प्रयासों के तहत अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इस पोर्टल के माध्यम से 900 सैटेलाइट टीवी चैनल्स, 70 टेलीपोर्ट ऑपरेटर्स, 1,700 एमएसओ, 350 सामुदायिक रेडियो स्टेशन और 380 निजी एफएम चैनल्स के लाभान्वित होने की संभावना है।
  - प्रसारण संबंधी गतिविधियों के लिये सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी विभिन्न पंजीकरणों, अनुमतियों और लाइसेंस हेतु आवेदन करने के लिये हितधारकों तथा आवेदकों को एकल बिंदु (एक की स्थान पर) सुविधा प्रदान करना।
  - यह आवेदनों के टर्न-अराउंड समय को कम करेगा और साथ ही आवेदकों को उनकी प्रगति को ट्रैक करने में मदद करेगा। अत: कथन 2 सही है।

20. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस (7 अप्रैल) से पहले वायु गुणवत्ता डेटाबेस 2022 (Air Quality Database 2022) जारी किया गया है, जो दर्शाता है कि लगभग पूरी वैश्विक आबादी (99%) डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित वायु गुणवत्ता सीमा से अधिक हवा में साँस लेती है।
- WHO द्वारा पहली बार नाइट्रोजन डाइऑक्साइड ($NO_2$) की वार्षिक औसत सांद्रता की ज़मीनी स्तर पर माप की गई है। इसमें 10 माइक्रोन ($PM_{10}$) या 2.5 माइक्रोन ($PM_{2.5}$) के बराबर या छोटे व्यास वाले पार्टिकुलेट मैटर का माप भी शामिल है।
- प्राप्त निष्कर्षों ने डब्ल्यूएचओ को जीवाश्म ईंधन के उपयोग पर अंकुश लगाने और वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिये अन्य ठोस कदम उठाने के महत्त्व को उजागर करने हेतु प्रेरित किया है। अत: विकल्प D सही है।

नोट :

21. उत्तर: B

व्याख्या

- विमुक्त समुदाय वे हैं जिन्हें ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1871 के आपराधिक जनजाति अधिनियम से शुरू होने वाली कानूनों की एक शृंखला के तहत 'जन्मजात अपराधी' के रूप में 'अधिसूचित' किया गया था।
  - इन अधिनियमों को स्वतंत्र भारत सरकार द्वारा वर्ष 1952 में निरस्त कर दिया गया था और इन समुदायों को 'विमुक्त' घोषित कर दिया गया था।
- इनमें से कुछ समुदाय जिन्हें विमुक्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, वे भी खानाबदोश थे।
- खानाबदोश और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों को उन लोगों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो हर समय एक ही स्थान पर रहने के बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं।
- वर्ष 2006 में तत्कालीन सरकार द्वारा गैर-अधिसूचित, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों (NCDNT) के लिये एक राष्ट्रीय आयोग का गठन किया गया था।
  - इसकी अध्यक्षता बालकृष्ण सिदराम रेन्के (Balkrishna Sidram Renke) ने की और वर्ष 2008 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। अत: कथन 2 सही है।
  - आयोग ने कहा कि "यह विडंबना है कि ये जनजातियाँ किसी तरह हमारे संविधान निर्माताओं के ध्यान से वंचित रही हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

22. उत्तर: C

व्याख्या

प्रह्लादजी पटेल:

- प्रह्लादजी पटेल गुजरात के बेचराजी से थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन से भारत की आज़ादी के लिये लड़ाई लड़ी तथा बाद में समाज सुधारक विनोबा भावे के 'भूदान आंदोलन' (Bhoodan Movement ) में शामिल हो गए। अत: कथन 1 सही है।
  - उन्होंने अपनी 200 बीघा ज़मीन दान में दी थी।
- प्रह्लादजी पटेल, महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए और साबरमती तथा यरवदा में कैद रहे।
- जेल में रहने के दौरान प्रह्लादजी पटेल के पिता का निधन हो गया, लेकिन प्रह्लादजी पटेल ने माफी की शर्तों को स्वीकार नहीं किया, जो औपनिवेशिक शासकों द्वारा उन्हें अंतिम संस्कार करने की अनुमति देने के लिये रखी गई थीं।
  - उन्होंने कई स्वतंत्रता सेनानियों का भी समर्थन किया जो भूमिगत होकर लड़ाई लड़ रहे थे।
- प्रह्लादजी पटेल ने आज़ादी के बाद रियासतों के विलय में सरदार पटेल की मदद की थी। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1960 में जब गुजरात का गठन हुआ तो उन्होंने पाटन ज़िले की चानस्मा सीट से चुनाव भी लड़ा और पूरे क्षेत्र को विकास के पथ पर अग्रसर किया।

23. उत्तर: C

व्याख्या

यमुना:

- उद्गम: यह गंगा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है जो उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में समुद्र तल से लगभग 6387 मीटर की ऊँचाई पर निम्न हिमालय की मसूरी रेंज से बंदरपूँछ चोटियों (Bandarpoonch Peaks) के पास यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है। अत: कथन 1 सही है।
- बेसिन: यह उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली होकर बहने के बाद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित किया जाता है) में गंगा नदी से मिलती है।
- लंबाई: 1376 किमी.
- महत्त्वपूर्ण बाँध: लखवाड़-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताज़ेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि।
- महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ: चंबल, सिंध, बेतवा और केन। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

24. उत्तर: D

व्याख्या

- बाबू जगजीवन राम, जिन्हें बाबूजी के नाम से जाना जाता है, एक राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय हेतु लड़ाई लड़ने वाले योद्धा, वंचित वर्गों के हिमायती तथा एक उत्कृष्ट सांसद थे।
- स्वतंत्रता पूर्व योगदान:
  - वर्ष 1931 में वह भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (कॉन्ग्रेस पार्टी) के सदस्य बन गए।
  - उन्होंने वर्ष 1934-35 में अखिल भारतीय शोषित वर्ग लीग (All India Depressed Classes League) की नींव रखने में अहम योगदान दिया था। यह संगठन अछूतों को समानता का अधिकार दिलाने हेतु समर्पित था। अत: कथन 1 सही है।
  - वह सामाजिक समानता और शोषित वर्गों के लिये समान अधिकारों के प्रणेता थे।
  - वर्ष 1935 में उन्होंने हिंदू महासभा के एक सत्र में प्रस्ताव रखा कि पीने के पानी के कुएँ और मंदिर अछूतों के लिये खुले रखे जाएँ।
  - वर्ष 1935 में बाबूजी राँची में हैमोंड आयोग के समक्ष भी उपस्थित हुए और पहली बार दलितों के लिये मतदान के अधिकार की मांग की। अत: कथन 2 सही है।
  - उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया और इससे जुड़ी राजनीतिक गतिविधियों के लिये 1940 के दशक में उन्हें दो बार जेल जाना पड़ा। अत: कथन 3 सही है।

25. उत्तर: A

व्याख्या

- निपाह वायरस एक जूनोटिक वायरस है (जानवरों से इंसानों में संचरित होता है)। अत: कथन 1 सही है।
- निपाह वायरस एन्सेफेलाइटिस के लिये उत्तरदायी जीव पैरामाइक्सोविरिडे श्रेणी तथा हेनिपावायरस जीनस/वंश का एक RNA या राइबोन्यूक्लिक एसिड वायरस है तथा हेंड्रा वायरस से निकटता से संबंधित है। अत: कथन 2 सही है।
  - हेंड्रा वायरस (HeV) संक्रमण एक दुर्लभ उभरता हुआ जूनोसिस है जो संक्रमित घोड़ों और मनुष्यों दोनों में गंभीर तथा अक्सर घातक बीमारी का कारण बनता है।
- यह पहली बार वर्ष 1998 और 1999 में मलेशिया तथा सिंगापुर में देखा गया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यह पहली बार घरेलू सुअरों में देखा गया और कुत्तों, बिल्लियों, बकरियों, घोड़ों तथा भेड़ों सहित घरेलू जानवरों की कई प्रजातियों में पाया गया।

26. उत्तर: C

व्याख्या:

- गंगा और उसकी सहायक नदियों में प्रबंधन एवं प्रदूषण उपशमन में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु ज़िला स्तर पर एक तंत्र स्थापित करने के लिये गंगा नदी बेसिन पर स्थित ज़िलों में 'ज़िला गंगा समितियों' का गठन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- DGCs को 'नमामि गंगे' के तहत विकसित संपत्ति का उचित उपयोग सुनिश्चित करने, गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में गिरने वाले नालों/सीवेज की निगरानी करने तथा गंगा कायाकल्प के साथ लोगों का एक मज़बूत जुड़ाव बनाने का कार्य सौंपा गया है। अत: कथन 2 सही है।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में व्यापार और आजीविका के लिये लकड़ी के लट्ठों और बुरादे पर खेती करके गैनोडर्मा ल्यूसिडम (जादुई मशरूम) को लोकप्रिय बनाने हेतु वैश्विक स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं।
  - यह मधुमेह, कैंसर, सूजन, अल्सर के साथ-साथ बैक्टीरिया और त्वचा के संक्रमण जैसी बीमारियों को ठीक करने हेतु सदियों में उपयोग किया जाने वाला एक औषधीय मशरूम है।

नोट :

- हालाँकि भारत में इस कवक अर्थात् जादुई मशरूम/गैनोडर्मा ल्यूसिडम की क्षमता का अभी भी पता लगाया जा रहा है।
- सामान्य मशरूम के विपरीत इस मशरूम की खासियत यह है कि यह केवल लकड़ी या लकड़ी पर आधारित सब्सट्रेट (Substrate) पर उगता है।
  - यह गर्म और आर्द्र जलवायु में अच्छी तरह से पनपता है तथा उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण क्षेत्रों के मिश्रित जंगलों में अधिमानत: बढ़ता है। अत: विकल्प A सही है।

28. उत्तर: C

व्याख्या:

सामूहिक विनाश के हथियार (WMD):

- WMD के तहत ऐसे हथियार शामिल हैं जिनमें बड़े पैमाने पर मौत और विनाश करने की क्षमता होती है तथा एक शत्रु शक्ति के हाथों में इनकी उपस्थिति को एक गंभीर खतरा माना जा सकता है।
- सामूहिक विनाश के आधुनिक हथियारों में परमाणु, जैविक, रासायनिक हथियार शामिल होते है जिन्हें एनबीसी हथियार (NBC Weapons) कहा जाता है।
- सामूहिक विनाश के हथियार शब्द वर्ष 1937 से चलन में है, जब इसका इस्तेमाल बमवर्षक विमानों के बड़े पैमाने पर संरचनाओं का वर्णन करने के लिये किया जाता था।
  - उदाहरण के लिये जापान में हिरोशिमा और नागासाकी हमले में इस्तेमाल किये गए परमाणु बम।
- WMD के प्रसार को नियंत्रित करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समझौतों में निहित हैं, जैसे:
  - 1968 की परमाणु अप्रसार संधि।
  - वर्ष 1972 का जैविक हथियार सम्मेलन।
  - वर्ष 1993 का रासायनिक हथियार सम्मेलन। अत: कथन 1 सही है।
- भारत ने परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, लेकिन वह जैविक हथियार सम्मेलन और रासायनिक हथियार सम्मेलन दोनों का हस्ताक्षरकर्त्ता है। अत: कथन 2 सही है।

29 उत्तर: D

व्याख्या:

| प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के बीच अंतर | |
|---|---|
| **जैविक खेती** | **प्राकृतिक खेती** |
| जैविक खेती में जैविक उर्वरक और खाद जैसे- कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, गाय के गोबर की खाद आदि का उपयोग किया जाता है और बाहरी उर्वरक का खेतो में प्रयोग किया जाता है। | प्राकृतिक खेती में मिट्टी में न तो रासायनिक और न ही जैविक खाद डाली जाती है। वास्तव में बाहरी उर्वरक का प्रयोग न तो मिट्टी में और न ही पौधों में किया जाता है। |
| जैविक खेती के लिये अभी भी बुनियादी कृषि पद्धतियों जैसे- जुताई, गुड़ाई, खाद का मिश्रण, निराई आदि की आवश्यकता होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है। | प्राकृतिक खेती में मिट्टी की सतह पर ही रोगाणुओं और केंचुओं द्वारा कार्बनिक पदार्थों के अपघटन को प्रोत्साहित किया जाता है, इससे धीरे-धीरे मिट्टी में पोषक तत्त्वों की वृद्धि होती है। |
| व्यापक स्तर पर खाद की आवश्यकता के कारण जैविक खेती अभी भी महँगी है और इस पर आसपास के वातावरण व पारिस्थितिक का प्रभाव पड़ता है; जबकि प्राकृतिक कृषि एक अत्यंत कम लागत वाली कृषि पद्धति है, जो स्थानीय जैव विविधता के साथ पूरी तरह से अनुकूलित हो जाती है। | प्राकृतिक खेती में न जुताई होती है, न मिट्टी को पलटा जाता है और न ही उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है तथा किसी भी पद्धति को ठीक उसी तरह नहीं अपनाया जाता है जैसे प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है। |

30. उत्तर: D

व्याख्या:

'फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स' (FATF):

- FATF का गठन वर्ष 1989 में जी-7 देशों की पेरिस में आयोजित बैठक में हुआ था।
- FATF मनी लांड्रिंग, टेरर फंडिंग जैसे मुद्दों पर दुनिया में विधायी और नियामक सुधार लाने के लिये आवश्यक राजनीतिक इच्छा शक्ति पैदा करने का काम करता है। यह व्यक्तिगत मामलों को नहीं देखता है।
- उद्देश्य:
  - FATF का उद्देश्य मनी लॉड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण जैसे खतरों से निपटना और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता के लिये अन्य कानूनी, विनियामक एवं परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है। अत: कथन 1 सही है।
- मुख्यालय:
  - इसका सचिवालय पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग विकास संगठन (OECD) के मुख्यालय में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- सदस्य देश:
  - वर्तमान में FATF में भारत समेत 39 सदस्य देश और 2 क्षेत्रीय संगठन (यूरोपीय आयोग और खाड़ी सहयोग परिषद) शामिल हैं। भारत वर्ष 2010 से FATF का सदस्य है। अत: कथन 3 सही है।

31. उत्तर: C

व्याख्या:

- नवगठित ग्रह को एबी ऑरिगे बी कहा (AB Aurigae b) कहा गया है जो एक प्रोटोप्लैनेटरी डिस्क से घिरा हुआ है तथा इसमें अलग-अलग प्रकार की सर्पिल संरचनाएँ विद्यमान हैं जो लगभग 2 मिलियन वर्ष पुराने एक युवा तारे के चारों ओर चक्कर लगा रही हैं।
  - वह भी लगभग उतना ही पुराना है जब हमारे सौरमंडल में ग्रह निर्माण की प्रक्रिया चल रही थी।
  - यह हमारे सूर्य से 531 प्रकाश वर्ष दूर है।
- इसे एचडी 31293, एचआईसी 22910 और एसएओ 57506 के रूप में भी जाना जाता है, यह तारा 1-3 मिलियन वर्षीय वृषभ-औरिगा तारा-निर्माण क्षेत्र (Taurus-Auriga Star-forming region) का सदस्य है। अत: कथन 2 सही है।
- संभवत: देखा गया प्रोटोप्लैनेट बृहस्पति के आकार का लगभग नौ गुना है और 8.6 बिलियन मील की दूरी पर अपने मेज़बान तारे की परिक्रमा कर रहा है, जो सूर्य एवं प्लूटो के बीच की दूरी से दो गुना अधिक है। अत: कथन 1 सही है।

32. उत्तर: B

व्याख्या:

- पृथ्वी अवलोकन उपग्रह रिमोट सेंसिंग तकनीक से लैस उपग्रह हैं। पृथ्वी अवलोकन का अभिप्राय पृथ्वी की भौतिक, रासायनिक और जैविक प्रणालियों के बारे में जानकारी का संग्रह करने से है।
  - पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों को सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा में नियोजित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसरो द्वारा लॉन्च किये गए अन्य पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों में रिसोर्ससैट-2, 2A, कार्टोसैट-1, 2, 2A, 2B, रिसैट-1 और 2, ओशनसैट-2, मेघा-ट्रॉपिक्स, सरल और स्कैटसैट-1, इन्सैट-3DR, 3D, शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।

33. उत्तर: D

व्याख्या:

### भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण:

- सांविधिक प्राधिकरण: UIDAI 12 जुलाई, 2016 को आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के अधिकार क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- UIDAI की स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2009 में योजना आयोग के तत्त्वावधान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में की गई थी।

- जनादेश: UIDAI को भारत के सभी निवासियों को एक 12-अंकीय विशिष्ट पहचान (UID) संख्या (आधार) प्रदान करने का कार्य सौंपा गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- 31 अक्तूबर, 2021 तक UIDAI ने 131.68 करोड़ आधार नंबर जारी किये थे।

34. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास (संशोधन) विधेयक, 2020:
  - इसमें सीवर की सफाई को पूरी तरह से मशीनीकृत करने, 'ऑन-साइट' सुरक्षा के उपाय करने और सीवर सफाई के दौरान होने वाली मौतों के मामले में मैनुअल स्कैवेंजर्स को मुआवज़ा प्रदान किये जाने का प्रस्ताव है। अत: कथन 2 सही है।
  - विधेयक में हाथ से मैला ढोने पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून के तहत कारावास की अवधि और जुर्माने की राशि को बढ़ाकर इसे और अधिक सख्त बनाने का प्रस्ताव है।
  - यह मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 में संशोधन होगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसे अभी तक कैबिनेट से मंज़ूरी नहीं मिली है।

35. उत्तर: D

व्याख्या:

- चुनावी बॉण्ड बिना किसी अधिकतम सीमा के 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्ड्स को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है, ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह बॉण्ड एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के निर्दिष्ट खाते में प्रतिदेय होता है।
- बॉण्ड किसी भी व्यक्ति (जो भारत का नागरिक है) द्वारा जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर के महीनों में प्रत्येक दस दिनों की अवधि हेतु खरीद के लिये उपलब्ध होते हैं, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।
- एक व्यक्ति या तो अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से बॉण्ड खरीद सकता है।
- बॉण्ड पर दाता के नाम का उल्लेख नहीं किया जाता है।
  - चुनावी बॉण्ड की खरीद के माध्यम से राजनीतिक दलों को 20,000 रुपए से कम का योगदान देने वाले दाताओं को अपना पहचान विवरण जैसे- पैन (PAN) आदि देने की आवश्यकता नहीं होती।
- चुनावी बॉण्ड योजना का प्रमुख उद्देश्य भारत में चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता लाना था।
  - सरकार ने इस योजना को "कैशलेस-डिजिटल अर्थव्यवस्था" की ओर बढ़ रहे देश में 'चुनावी सुधार' के रूप में वर्णित किया।

36. उत्तर: B

व्याख्या:

केंद्रीय तिब्बती राहत समिति:

- इसे वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। समिति का मुख्य उद्देश्य निजी, स्वैच्छिक एजेंसियों और तिब्बती शरणार्थियों के पुनर्वास एवं उन्हें बसाने के लिये भारत सरकार के प्रयासों के साथ समन्वय स्थापित करना है।
  - इस समिति में भारत, नेपाल और भूटान में स्थित 53 तिब्बती बस्तियों के सदस्य शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह तिब्बत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने तथा निर्वासित तिब्बती लोगों के स्थायी लोकतांत्रिक समुदायों का निर्माण करने और उनके सतत् रखरखाव हेतु समर्पित है।

नोट :

- यह सरकारों, विशेष रूप से भारत, नेपाल और भूटान, परोपकारी संगठनों और व्यक्तियों की उदार अंतर्राष्ट्रीय सहायता पर निर्भर है।
- सभी CTRC गतिविधियाँ निदेशक मंडल की सहमति और समर्थन तथा TPiE (निर्वासन में तिब्बती संसद) से अनुमोदन के साथ की जाती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- TPiE का मुख्यालय हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा ज़िले के धर्मशाला में है, जिसके अनुसार पूरे भारत में 1 लाख से अधिक तिब्बती बसे हुए हैं।

37. उत्तर: B

व्याख्या:

- यह भारत और रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित एक मिसाइल प्रणोदन तकनीक है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- SFDR तकनीक एक मिसाइल प्रणोदन प्रणाली है, जो 'रैमजेट इंजन' सिद्धांत की अवधारणा पर आधारित है।
- रैमजेट इंजन, एयर ब्रीदिंग जेट इंजन का ही एक रूप है जो वाहन की अग्र गति (Forward Motion) का उपयोग कर आने वाली हवा को बिना घूर्णन संपीडक (Rotating Compressor) के दहन (combustion) के लिये संपीड़ित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- रैमजेट में वाहन की अग्र गति का उपयोग करके उच्च दबाव उत्पन्न किया जाता है। प्रणोदन प्रणाली में लाई जाने वाली बाहरी हवा कार्यशील द्रव बन जाती है।
- रैमजेट तभी कार्य करता है, जब वाहन पहले से ही चल रहा हो; जब इंजन स्थिर हो तो रैमजेट कार्य नहीं कर सकता है।

38. उत्तर: B

व्याख्या:

- विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA), 2010 के तहत भारत में व्यक्तियों के विदेशी धन को एफसीआरए अधिनियम के तहत विनियमित और गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लोगों को गृह मंत्रालय की अनुमति के बिना विदेशी योगदान स्वीकार करने की अनुमति है।
- हालाँकि ऐसे विदेशी योगदान की स्वीकृति के लिये 25,000 रुपए की मौद्रिक सीमा निर्धारित की गई है।
- अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि विदेशी योगदान प्राप्त करने वाले उस उद्देश्य का पालन करते हैं जिसके लिये यह योगदान प्राप्त किया गया है।
- अधिनियम के तहत संगठनों को प्रत्येक पाँच वर्ष में अपना पंजीकरण कराना आवश्यक है। अत: कथन 2 सही है।

39. उत्तर: A

व्याख्या:

- इसे वर्ष 1996 में वैश्विक कृषि वस्तु बाज़ार के विकास की निगरानी में मदद के लिये सार्वजनिक रूप से पेश किया गया था।
- FAO फूड प्राइस इंडेक्स (FFPI) खाद्य वस्तुओं की टोकरी के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में मासिक बदलाव का एक मापक है।
- यह अनाज, तिलहन, डेयरी उत्पाद, मांस और चीनी की टोकरी के मूल्यों में हुए परिवर्तनों को मापता है।
- इसका आधार वर्ष 2014-16 है।
- FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करती है।
- प्रत्येक वर्ष विश्व में 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1945 में FAO की स्थापना की वर्षगाँठ की याद में मनाया जाता है। अत: विकल्प A सही है।

40. उत्तर: D

व्याख्या:

- मलेरिया एक मच्छर जनित रक्त रोग (Mosquito Borne Blood Disease) है जो प्लास्मोडियम परजीवी (Plasmodium Parasites) के कारण होता है।

- इस परजीवी का प्रसार संक्रमित मादा एनाफिलीज़ मच्छरों (Female Anopheles Mosquitoes) के काटने से होता है।
  - मानव शरीर में प्रवेश करने के बाद परजीवी शुरू में यकृत कोशिकाओं के भीतर वृद्धि करते हैं उसके बाद लाल रक्त कोशिकाओं (Red Blood Cells- RBCs) को नष्ट करते हैं जिसके परिणामस्वरूप RBC की क्षति होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऐसी 5 परजीवी प्रजातियाँ हैं जो मनुष्यों में मलेरिया संक्रमण का कारण बनती हैं, इनमें से 2 प्रजातियाँ - प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम (Plasmodium Falciparum) और प्लास्मोडियम विवैक्स (Plasmodium Vivax) हैं जिनसे मलेरिया संक्रमण का सर्वाधिक खतरा विद्यमान है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मलेरिया के लक्षणों में बुखार और फ्लू जैसे लक्षण शामिल होते हैं, जिसमें ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान महसूस होती है।
- इस रोग की रोकथाम एवं इलाज़ दोनों ही संभव हैं।

41 उत्तर: A

व्याख्या

- मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, बाध्यकारी प्रक्रिया है जिसमें एक निष्पक्ष और तटस्थ मध्यस्थ विवादित पक्षों के बीच समझौता कराने में मदद करता है। अत: कथन 1 सही है।
- मध्यस्थता एक संरचित प्रक्रिया है जहाँ एक तटस्थ व्यक्ति विशेष संचार और बातचीत तकनीकों का उपयोग करता है तथा मध्यस्थता प्रक्रिया में भाग लेने वाले पक्षों द्वारा स्पष्ट रूप से इसका समर्थन किया जाता है।
- यह एक निपटान प्रक्रिया है जिसके द्वारा विवादित पक्ष परस्पर स्वीकार्य समझौतों पर पहुँचते हैं।
- मध्यस्थता के अलावा कुछ अन्य विवाद समाधान विधियाँ जैसे- विवाचन (Arbitration), बातचीत (Negotiation) और सुलह (Conciliation) हैं।

### मध्यस्थता से संबंधित कानूनी प्रावधान:

- भारत में मध्यस्थता मुख्य रूप से दो विधायी कानूनों द्वारा शासित होती है। नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 तथा मध्यस्थता एवं सुलह अधिनियम, 1996 (ACA)। अत: कथन 2 सही नहीं है।

42., उत्तर: C

व्याख्या

'इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन ऑफ सिक्योरिटीज़ कमीशन' (IOSCO) के विषय में:

- स्थापना: अप्रैल, 1983
- मुख्यालय: मेड्रिड, स्पेन
  - IOSCO एशिया प्रशांत हब मलेशिया के कुआलालंपुर में स्थित है।
- परिचय:
  - यह अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दुनिया के प्रतिभूति नियामकों को एकीकृत करने के साथ ही दुनिया के 95% से अधिक प्रतिभूति बाज़ारों को कवर करता है और प्रतिभूति क्षेत्र के लिये वैश्विक मानक सेंटर है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह प्रतिभूति बाज़ारों की मज़बूती के लिये मानकों को स्थापित करने में G20 और वित्तीय स्थिरता बोर्ड (FSB) के साथ मिलकर काम करता है।
  - IOSCO बोर्ड 32 प्रतिभूति नियामकों से बना है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) इसके बोर्ड के सदस्यों में से एक है। अत: कथन 2 सही है।

43. उत्तर: C

व्याख्या:

## 'उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन' योजना (PLI scheme):

- परिचय:
  - उच्च आयात प्रतिस्थापन और रोज़गार सृजन के साथ घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये PLI योजना की कल्पना की गई थी।
  - सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों हेतु PLI योजनाओं के तहत 1.97 लाख करोड़ रुपए अलग रखे तथा वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में सौर पीवी मॉड्यूल के लिये PLI हेतु 19,500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।
  - मार्च 2020 में शुरू की गई इस योजना ने शुरू में तीन उद्योगों को लक्षित किया था:
    - मोबाइल और संबद्ध घटक निर्माण
    - विद्युत घटक निर्माण
    - चिकित्सा उपकरण
- उद्देश्य:
  - सरकार ने चीन एवं अन्य देशों पर भारत की निर्भरता को कम करने के लिये इस योजना की शुरुआत की है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह श्रम प्रधान क्षेत्रों का समर्थन करती है और भारत में रोज़गार अनुपात को बढ़ाने का लक्ष्य रखती है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह योजना आयात बिलों को कम करने एवं घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिये भी काम करती है।
    - PLI योजना विदेशी कंपनियों को भारत में अपनी इकाइयाँ स्थापित करने के लिये आमंत्रित करती है और घरेलू उद्यमों को अपनी उत्पादन इकाइयों का विस्तार करने हेतु प्रोत्साहित करती है। अत: विकल्प C सही है।

44. उत्तर: C

व्याख्या

- पिनाका रॉकेट सिस्टम एक मल्टी बैरल रॉकेट सिस्टम है, जिसका नाम भगवान शिव के धनुष के नाम पर रखा गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे पुणे स्थित आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (ARDE) तथा उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (HEMRL) द्वारा विकसित किया गया है।
- पिनाका' मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम का विकास 'रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन' (DRDO) द्वारा 1980 के दशक के अंत में शुरू किया गया था। इसे रूस के 'मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर' सिस्टम (जिसे 'ग्रैड' भी कहा जाता है) के विकल्प के रूप में विकसित किया गया था।
- वर्ष 1990 के अंत में पिनाका मार्क-1 के सफल परीक्षणों के बाद वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान पहली बार इसका सफलतापूर्वक उपयोग किया गया था। इसके बाद 2000 के दशक में सिस्टम के कई रेजिमेंट्स आए। अत: कथन 2 सही है।

45. उत्तर: A

व्याख्या

- त्रिभाषा सूत्र पहली बार कोठारी आयोग द्वारा 1968 में प्रस्तावित किया गया था। इस योजना के तहत:
  - पहली भाषा: यह मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा होगी।
  - दूसरी भाषा: हिंदी भाषी राज्यों में यह अन्य आधुनिक भारतीय भाषाएँ या अंग्रेज़ी होगी। गैर-हिंदी भाषी राज्यों में यह हिंदी या अंग्रेज़ी होगी।
  - तीसरी भाषा: हिंदी भाषी राज्यों में यह अंग्रेज़ी या आधुनिक भारतीय भाषा होगी। गैर-हिंदी भाषी राज्य में यह अंग्रेज़ी या आधुनिक भारतीय भाषा होगी। अत: कथन 1 सही है।

- भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 मान्यता प्राप्त अनुसूचित भाषाओं की सूची है। ये भाषाएँ इस प्रकार हैं:
  - असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
  - अंग्रेजी भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची का हिस्सा नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

46. उत्तर : C

व्याख्या:

- हाल ही में नीति आयोग ने राज्य ऊर्जा और जलवायु सूचकांक (State Energy and Climate Index- SECI) लॉन्च किया। यह पहला सूचकांक है जिसका उद्देश्य जलवायु और ऊर्जा क्षेत्र में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किये गए प्रयासों को ट्रैक करना है। अत: कथन 1 सही है।
- स्टेट एनर्जी एंड क्लाइमेट इंडेक्स (SECI) राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को छह मापदंडों पर रैंक प्रदान करता है:
  - डिस्कॉम' (विद्युत वितरण कंपनियाँ) प्रदर्शन।
  - सामर्थ्य, पहुँच और ऊर्जा की विश्वसनीयता।
  - स्वच्छ ऊर्जा पहल।
  - ऊर्जा दक्षता।
  - पर्यावरणीय स्थिरता।
  - नई पहल।
- SECI स्कोर के परिणाम के आधार पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया है- फ्रंट रनर, अचीवर्स और एस्पिरेंट्स।
  - शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता: गुजरात, केरल और पंजाब को नीति आयोग के SECI में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले तीन राज्यों के रूप में चुना गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - छोटे राज्यों में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले तीन राज्य हैं: गोवा, त्रिपुरा और मणिपुर।
  - असंतोषजनक प्रदर्शन: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड राज्यों को सबसे नीचे रखा गया।.

47. उत्तर: C

व्याख्या:

माइक्रोस्विमर्स:

- हाल ही में शोध से पता चला है कि मानव शरीर में बेहतर दवा-वितरण हेतु माइक्रोबॉट्स को स्थानांतरित करने के लिये ईंधन के रूप में प्रकाश का उपयोग करना संभव है। गौरतलब है कि यह दवा-वितरण प्रक्रिया कैंसर कोशिकाओं के प्रति चुनिंदा रूप से संवेदनशील होती है।
  - ये माइक्रोबॉट्स द्वि-आयामी यौगिक पॉली (हेप्टाज़िन इमाइड) कार्बन नाइट्राइड (यानी PHI कार्बन नाइट्राइड) से बने हैं। अत: कथन 1 सही है।
- महत्त्व: माइक्रोस्विमर्स डॉक्टरों को मानव शरीर के अंदर लक्षित क्षेत्रों में दवाएँ पहुँचाने की अनुमति दे सकते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - माइक्रोस्विमर्स झीलों या समुद्र में विशिष्ट पदार्थों को पेश करने में भी मदद कर सकते हैं।

48. उत्तर: A

व्याख्या:

PSLV और GSLV के बीच अंतर:

- GSLV में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) की तुलना में कक्षा में भारी पेलोड ले जाने की क्षमता है। अत: कथन 1 सही है।
- GSLV ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) की तुलना में कक्षा में अधिक भार ले जा सकता है। GSLV 5000 किग्रा तक वज़न ले जा सकता है और 36000 किमी. ऊँचाई तक पहुँच सकता है। जबकि PSLV 2000 किग्रा तक वज़न ले जा सकता है और 600-900 किमी. की ऊँचाई तक पहुँच सकता है।

- PSLV को मुख्य रूप से पृथ्वी अवलोकन या रिमोट सेंसिंग उपग्रहों को वितरित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जबकि GSLV को संचार उपग्रहों को लॉन्च करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - GSLV उपग्रहों को उच्च अंडाकार कक्षा, जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) और जियोसिंक्रोनस अर्थ ऑर्बिट (GEO) में भेजता है।

49. उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1999 में स्थापित यह संस्थान, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Sciences) के तहत एक स्वायत्त संगठन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह हैदराबाद में स्थित है और इसे वर्ष 1999 में स्थापित किया गया था। यह पृथ्वी प्रणाली विज्ञान संगठन (ESSO), नई दिल्ली की एक इकाई है। अत: कथन 2 सही है।
    - ESSO पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की कार्यकारी शाखा के रूप में कार्य करता है।
- यह समाज, उद्योग, सरकारी एजेंसियों और वैज्ञानिक समुदाय को निरंतर महासागर अवलोकन एवं व्यवस्थित तथा केंद्रित अनुसंधान के माध्यम से सर्वोत्तम संभव महासागर सूचना व सलाहकार सेवाएँ प्रदान करता है।

50. उत्तर: A

व्याख्या:

ज्योतिराव फुले

- जन्म: ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल, 1827 को वर्तमान महाराष्ट्र में हुआ था और वे सब्जियों की खेती करने वाली माली जाति से संबंधित थे।
- शिक्षा: वर्ष 1841 में फुले का दाखिला स्कॉटिश मिशनरी हाईस्कूल (पुणे) में हुआ, जहाँ उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की।
- विचारधारा: उनकी विचारधारा स्वतंत्रता, समतावाद और समाजवाद पर आधारित थी।
    - फुले थॉमस पाइन की पुस्तक 'द राइट्स ऑफ मैन' से प्रभावित थे और उनका मानना था कि सामाजिक बुराइयों का मुकाबला करने का एकमात्र तरीका महिलाओं, निम्न वर्ग के लोगों को शिक्षा प्रदान करना था।
- प्रमुख प्रकाशन: तृतीया रत्न (1855); पोवाड़ा: छत्रपति शिवाजीराज भोंसले यंचा (1869); गुलामगिरि (1873), शक्तारायच आसुद (1881)।
- संबंधित सगठन: फुले ने अपने अनुयायियों के साथ मिलकर वर्ष 1873 में सत्यशोधक समाज का गठन किया, जिसका अर्थ था सत्य के साधक ताकि महाराष्ट्र में निम्न वर्गों को समान सामाजिक और आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकें।
- नगरपालिका परिषद सदस्य: वह पूना नगरपालिका के आयुक्त नियुक्त किये गए और वर्ष 1883 तक इस पद पर रहे।
- महात्मा का शीर्षक: 11 मई, 1888 को महाराष्ट्र के सामाजिक कार्यकर्त्ता विट्ठलराव कृष्णजी वांडेकर द्वारा उन्हें 'महात्मा' की उपाधि से सम्मानित किया गया। अत: विकल्प A सही है।

51. उत्तर: C

व्याख्या:

- InTranSE का पूरा नाम इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम एंडेवर है।
- इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (ITS) एक क्रांतिकारी अत्याधुनिक तकनीक है।
- यह कुशल बुनियादी ढाँचे के उपयोग को बढ़ावा देकर यातायात की समस्याओं को कम कर यातायात में दक्षता को बढ़ाएगा, ताकि यात्रा में लगने वाले समय को कम करने और यात्रियों की सुरक्षा एवं यात्रा को आरामदायक बनाने के लिये यातायात के पूर्व उपयोगकर्त्ताओं को जानकारी से समृद्ध किया जा सकेगा।
- यह प्रणाली किसी भी दुर्घटना का पता लगा सकती है, साथ ही अलर्ट कर सकती है ताकि एक एम्बुलेंस 10-15 मिनट के भीतर दुर्घटना स्थल पर पहुँच सके। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

52. उत्तर: A

व्याख्या:

जलियांवाला बाग हत्याकांड:

- 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में आयोजित एक शांतिपूर्ण बैठक में शामिल लोगों पर ब्रिगेडियर जनरल रेगीनाल्ड डायर ने गोली चलाने का आदेश दिया था, जिसमें हज़ारों निहत्थे पुरुष, महिलाएँ और बच्चे मारे गए थे। अत: कथन 1 सही है।
    - ये लोग रॉलेट एक्ट 1919 का शांतिपूर्ण विरोध कर रहे थे।.अत: कथन 2 सही नहीं है।
- जलियांवाला बाग भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण स्थल बन गया और अब यह देश का एक महत्त्वपूर्ण स्मारक है।
- जलियांवाला बाग त्रासदी उन कारणों में से एक थी जिसके कारण महात्मा गांधी ने अपना पहला, बड़े पैमाने पर और निरंतर अहिंसक विरोध (सत्याग्रह) अभियान, असहयोग आंदोलन (1920–22) का आयोजन शुरू किया।
- इस घटना के विरोध में बांग्ला कवि और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1915 में प्राप्त नाइटहुड की उपाधि का त्याग कर दिया।
- भारत की तत्कालीन सरकार ने घटना की जाँच (हंटर आयोग) का आदेश दिया, जिसने वर्ष 1920 में डायर के कार्य की निंदा की और उसे सेना से इस्तीफा देने का आदेश दिया।

53. उत्तर: D

व्याख्या:

ग्लोबल विंड रिपोर्ट 2022:

- हाल ही में वैश्विक पवन ऊर्जा परिषद (GWEC) द्वारा वर्ष 2022 के लिये ग्लोबल विंड रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी।
- वर्ष 2005 में GWEC की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संपूर्ण पवन ऊर्जा क्षेत्र के लिये एक विश्वसनीय और प्रतिनिधि मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।
- अत: विकल्प D सही है।

54. उत्तर: B

व्याख्या:

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क) की स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को ढाका में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ हुई थी।
- सार्क में निम्नलिखित आठ सदस्य देश शामिल हैं:
    - अफगानिस्तान
    - बांग्लादेश
    - भूटान
    - भारत
    - मालदीव
    - नेपाल
    - पाकिस्तान
    - श्रीलंका
- वर्तमान में सार्क के नौ पर्यवेक्षक देशों में ऑस्ट्रेलिया, चीन, यूरोपीय संघ, ईरान, जापान, कोरिया गणराज्य, मॉरीशस, म्याँमार और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सार्क का मुख्यालय और सचिवालय काठमांडू, नेपाल में है। अत: कथन 2 सही है।

**नोट :**

55. उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था।
    - इसे 700 करोड़ रुपए के स्वीकृत बजट के साथ 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉकडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं।
- इस योजना के तहत विक्रेता 10,000 रुपए तक का कार्यशील पूंजी ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जो एक वर्ष के कार्यकाल में मासिक किस्तों में चुकाने योग्य है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऋण के समय पर/जल्दी चुकौती पर त्रैमासिक आधार पर प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में 7% प्रतिवर्ष की ब्याज सब्सिडी जमा की जाएगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - ऋण की जल्दी चुकौती पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। विक्रेता ऋण की समय पर/जल्दी चुकौती पर बढ़ी हुई ऋण सीमा की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

56. उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्णांधता का तात्पर्य सामान्य तरीके से रंगों को देखने में असमर्थता से है। वर्णांधता में व्यक्ति आमतौर पर हरा और लाल तथा कभी-कभी नीले रंगों के बीच अंतर नहीं कर पाते हैं।
    - इसे रंग की कमी के रूप में भी जाना जाता है।
- एनाटॉमी: रेटिना में दो प्रकार की कोशिकाएँ प्रकाश का पता लगाती हैं:
    - छड़ (Rods): ये प्रकाश और अँधेरे के बीच अंतर करने में मदद करते हैं।
    - शंकु (Cones): ये रंग का पता लगाने में मदद करते हैं।
    - अनुमानत: तीन प्राथमिक रंगों (Primary Colours) लाल, हरा व नीले से संबंधित तीन प्रकार के शंकु (Cones) पाए जाते हैं तथा हमारा दिमाग इन कोशिकाओं की जानकारी का उपयोग रंगों को देखने के लिये करता है।
    - वर्णांधता इन शंकु कोशिकाओं में से एक या अधिक की अनुपस्थिति या उनके ठीक से कार्य करने में विफलता का परिणाम हो सकती है। अत: कथन 1 सही है।
- कारण:
    - जन्मजात वर्णांधता: ज़्यादातर लोगों में वर्णांधता की स्थिति (जन्मजात कलर ब्लाइंडनेस) उनके जन्म के साथ ही होती है। जन्मजात वर्णांधता की स्थिति सामान्यत: आनुवंशिक होती है।
        - इस प्रकार की वर्णांधता में आमतौर पर दोनों आँखें प्रभावित होती हैं और जब तक व्यक्ति जीवित रहता है तब तक यह स्थिति लगभग समान रूप से बनी रहती है।
    - चिकित्सीय स्थितियाँ: वर्णांधता की समस्या जो कि जन्म के बाद उत्पन्न होती है, बीमारी, आघात या अंतर्ग्रहण विषाक्त पदार्थों का परिणाम हो सकती है।
        - यदि वर्णांधता की स्थिति किसी बीमारी के कारण उत्पन्न होती है, तो एक आँख दूसरी से भिन्न रूप से प्रभावित हो सकती है तथा समय के साथ स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।
        - जिन चिकित्सीय स्थितियों से वर्णांधता का खतरा बढ़ सकता है, उनमें ग्लूकोमा, मधुमेह, अल्ज़ाइमर, पार्किंसन, शराब, ल्यूकेमिया और सिकल सेल एनीमिया शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

57. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रपति पर महाभियोग:

- अनुच्छेद 61 के अनुसार, राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले केवल 'संविधान के उल्लंघन (Violation Of The Constitution) के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि भारतीय संविधान में 'संविधान का उल्लंघन' वाक्यांश के अर्थ को परिभाषित नहीं किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया (Impeachment Process) संसद के किसी भी सदन में शुरू की जा सकती है। अत: कथन 3 सही है।
    - राष्ट्रपति के विरुद्ध प्रस्ताव पर सदन के कम-से-कम एक-चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

58. उत्तर: A

व्याख्या:

मध्याह्न भोजन योजना:

- मध्याह्न भोजन योजना के बारे में: यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा स्कूल फीडिंग प्रोग्राम है, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के सरकारी स्कूलों में नामांकित छात्रों को शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - इस योजना का मूल उद्देश्य स्कूलों में नामांकन को बढ़ाना है।
- नोडल मंत्रालय: शिक्षा मंत्रालय। अत: कथन1 सही है।
- पृष्ठभूमि: यह कार्यक्रम पहली बार वर्ष 1925 में मद्रास नगर निगम में वंचित बच्चों के लिये शुरू किया गया था।
    - वर्ष 1995 में केंद्र सरकार ने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिये प्रायोगिक आधार पर केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसकी शुरुआत की।
    - अक्तूबर 2007 तक MDMS को कक्षा 8 तक के लिये बढ़ा दिया गया था।

59. उत्तर: D

व्याख्या:

- बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म वर्ष 1891 में महू, मध्य प्रांत (अब मध्य प्रदेश) में हुआ था।
- उन्हें भारतीय संविधान का जनक (Father of the Indian Constitution) माना जाता है और वह भारत के पहले कानून मंत्री थे।
- वह संविधान निर्माण की मसौदा समिति के अध्यक्ष (Chairman of the Drafting Committee) थे।
- वह एक प्रसिद्ध राजनेता थे जिन्होंने दलितों और अन्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिये लड़ाई लड़ी।
- संगठन:
    - बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1923)
    - स्वतंत्र लेबर पार्टी (1936)
    - अनुसूचित जाति फेडरेशन (1942) अत: विकल्प D सही है।

60. उत्तर: A

व्याख्या:

- भगवान महावीर का जन्म 540 ईसा पूर्व में 'वज्जि साम्राज्य' में कुंडग्राम के राजा सिद्धार्थ और लिच्छवी राजकुमारी त्रिशला के यहाँ हुआ था। वज्जि संघ आधुनिक बिहार में वैशाली क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अत: कथन 1 सही है।
- भगवान महावीर 'इक्ष्वाकु वंश' (Ikshvaku dynasty) से संबंधित थे। अत: कथन 2 सही है।
- ऐसे कई इतिहासकार हैं जो मानते हैं कि उनका जन्म अहल्या भूमि नामक स्थान पर हुआ था।

नोट :

- बचपन में भगवान महावीर का नाम वर्धमान था यानी 'जो बढ़ता है'।
- उन्होंने 30 वर्ष की आयु में सांसारिक जीवन को त्याग दिया और 42 वर्ष की आयु में उन्हें 'कैवल्य' यानी सर्वज्ञान की प्राप्ति हुई।
- महावीर ने अपने शिष्यों को अहिंसा, सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य (शुद्धता) तथा अपरिग्रह (अनासक्ति) का पालन करने की शिक्षा दी और उनकी शिक्षाओं को 'जैन आगम' (Jain Agamas) कहा गया।
- प्राकृत भाषा के प्रयोग के कारण प्राय: आम जनमानस भी महावीर और उनके अनुयायियों की शिक्षाओं एवं उपदेशों को समझने में समर्थ थे। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- महावीर को बिहार में आधुनिक राजगीर के पास पावापुरी नामक स्थान पर 468 ईसा पूर्व में 72 वर्ष की आयु में निर्वाण (जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति) प्राप्त हुआ।

61. उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NALSA) का गठन कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया था, जो 9 नवंबर, 1995 को समाज के सुभेद्य वर्गों को मुफ्त एवं सक्षम कानूनी सेवाएँ प्रदान करने हेतु एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने के लिये लागू हुआ था। अत: कथन 1 सही है।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश संरक्षक-इन-चीफ हैं और भारत के सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- संविधान का अनुच्छेद 39A समाज के गरीब और सुभेद्य वर्गों को समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने के लिये मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करता है। अनुच्छेद-14 और अनुच्छेद-22 (1) राज्य को कानून के समक्ष समानता सुनिश्चित करने हेतु बाध्य करते हैं।
- नालसा और उसके नेटवर्क द्वारा निभाई गई भूमिका सतत् विकास लक्ष्य-16 को प्राप्त करने में बहुत प्रासंगिक है, जो 'स्थायी विकास हेतु शांतिपूर्ण एवं समावेशी समाजों को बढ़ावा, सभी के लिये न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करने पर ज़ोर देता है।

62. उत्तर: C

व्याख्या:

नववर्ष के पारंपरिक त्योहार:

- विशु:
  - यह एक हिंदू त्योहार है जो भारत के केरल राज्य, कर्नाटक में तुलु नाडु क्षेत्र, केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी का माहे ज़िला, तमिलनाडु के पड़ोसी क्षेत्र और उनके प्रवासी समुदाय द्वारा मनाया जाता है। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
  - यह त्योहार केरल में सौर कैलेंडर के नौवें महीने, मेदाम के पहले दिन को चिह्नित करता है।
  - ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार, यह हर वर्ष अप्रैल के मध्य यानी 14 या 15 अप्रैल को मनाया जाता है।
  - इसे पुथुवरुडम या तमिल नववर्ष के रूप में भी जाना जाता है, यह तमिल कैलेंडर में वर्ष का पहला दिन है और एक पारंपरिक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
  - इस त्योहार की तारीख तमिल महीने चिथिरई के पहले दिन के रूप में हिंदू कैलेंडर के सौर चक्र के साथ निर्धारित की जाती है।
  - इसलिये यह ग्रेगोरियन कैलेंडर में हर वर्ष 14 अप्रैल को आता है।
- बोहाग बिहू:
  - बोहाग बिहू या रोंगाली बिहू, जिसे हतबिहु (सात बिहू) भी कहा जाता है, असम के उत्तर-पूर्वी भारत और अन्य भागों में मनाया जाने वाला एक पारंपरिक आदिवासी जातीय त्योहार है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
  - यह असमिया नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है।
  - यह आमतौर पर अप्रैल के दूसरे सप्ताह में आता है, ऐतिहासिक रूप से यह फसल के समय को दर्शाता है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

63. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में तमिलनाडु में पहली बार दुर्लभ तितली पामकिंग (Amathusia phidippus) देखी गई।
  - पामकिंग की उपस्थिति को पहली बार दक्षिण भारत में वर्ष 1891 में ब्रिटिश वैज्ञानिक एच.एस.फर्ग्यूसन द्वारा दर्ज किया गया था। एक सदी से भी अधिक समय बाद इसे वर्ष 2007 में फिर से देखा गया था।
- पामकिंग निम्फैलिडे (Nymphalidae) की प्रजाति से संबंधित है तथा ताड़, नारियल और कैलमस किस्मों के पौधों से भोजन प्राप्त करती है।
  - भूरे रंग और गहरे रंग की पट्टियाँ इस तितली की विशेषता है तथा इसे एकांतप्रिय के रूप में वर्णित किया गया है, जो ज़्यादातर छाया में आराम करती है।
- पामकिंग को पहचानना आसान नहीं है क्योंकि लकड़ी की तरह इसका भूरा रंग आसान छलावरण (Camouflage) बनाता है तथा यह शायद ही कभी अपने पंख फैलाती है।
- वितरण:
  - यह तितली व्यापक रूप से भारत, म्याँमार, चीन, प्रायद्वीपीय मलेशिया और थाईलैंड के कुछ हिस्सों में पाई जाती है।
  - यह इंडोनेशियाई द्वीप समूह और फिलीपींस में भी पाई जाती है।
  - भारत में पश्चिमी घाट के दक्षिण में अरिप्पा, शेंदुर्नी, पेरियार टाइगर रिज़र्व के जंगलों में पामकिंग की मौजूदगी दर्ज की गई है। अत: विकल्प A सही है।

64. उत्तर: D

व्याख्या:

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग:

- मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA), 1993 के प्रावधानों के तहत 12 अक्तूबर, 1993 को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (National Human Rights Commission-NHRC) की स्थापना की गई। इसे मानवाधिकार संरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2006 और मानवाधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा संशोधित किया गया था।
  - PHRA अधिनियम राज्य स्तर पर एक राज्य मानवाधिकार आयोग के निर्माण का भी प्रावधान करता है।
- यह पेरिस सिद्धांतों के अनुरूप स्थापित किया गया था, जिसे पेरिस (अक्तूबर 1991) में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण के लिये अपनाया गया था तथा दिसंबर 1993 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा अनुमोदित किया गया था।
- देश में मानवाधिकारों का प्रहरी: NHRC मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण के लिये भारत की चिंता का प्रतीक है।

  PHRA की धारा 2(1)D. मानव अधिकारों को संविधान द्वारा गारंटीकृत, व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा से संबंधित अधिकारों के रूप में परिभाषित करती है, जो अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निहित एवं भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं।
- संरचना: आयोग एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष और चार सदस्य होते हैं।
  - एक व्यक्ति जो भारत का मुख्य न्यायाधीश या सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो, वह अध्यक्ष होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- नियुक्ति: इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री सहित लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा का उप-सभापति, संसद के दोनों सदनों के मुख्य विपक्षी नेता तथा केंद्रीय गृहमंत्री शामिल होते हैं, की सिफारिशों के आधार पर की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

65. उत्तर: C

व्याख्या:

दक्षिण-पश्चिम मानसून

- भारतीय जलवायु को 'मानसूनी' प्रकार की जलवायु के रूप में वर्णित किया गया है। एशिया में, इस प्रकार की जलवायु मुख्य रूप से दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में पाई जाती है।
- भारत में मौसम को कुल चार हिस्सों में विभाजित किया जाता है, जिसमें से 2 मानसून से संबंधित हैं:
  - दक्षिण-पश्चिम मानसून (Southwest Monsoon)- दक्षिण-पश्चिम मानसून से होने वाली वर्षा 'मौसमी' प्रकृति की होती है, जो जून और सितंबर के मध्य देखी जाती है। अत: कथन 1 सही है।
  - मानसून का निवर्तन (Retreating Monsoon)- अक्तूबर और नवंबर माह मानसून के निवर्तन के समय के रूप में जाने जाते हैं।
- दक्षिण पश्चिम मानसून के निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक:
  - भूमि और जल के ठंडा और गर्म होने का अंतर भारतीय भू-भाग पर निम्न दबाव का निर्माण करता है, जबकि समुद्र में तुलनात्मक रूप से उच्च दबाव होता है।
  - गर्मियों के समय इंटर ट्रॉपिकल कन्वर्जेंस ज़ोन (Inter Tropical Convergence Zone- ITCZ) की स्थिति में बदलाव होता है, जो गंगा के मैदान की ओर खिसक जाता है। (यह भूमध्यरेखीय गर्त सामान्य रूप से भूमध्य रेखा के लगभग 5° N पर स्थित होता है। इसे मानसून-गर्त के रूप में भी जाना जाता है)। अत: कथन 2 सही है।
  - मेडागास्कर के पूर्व में हिंद महासागर में लगभग 20° S पर एक उच्च दबाव वाले क्षेत्र का निर्माण होता है। इस उच्च दबाव वाले क्षेत्र की तीव्रता और स्थिति भारतीय मानसून को प्रभावित करती है।
  - तिब्बत का पठार गर्मियों के दौरान तीव्रता से गर्म हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप समुंद्री तल से लगभग 9 किमी की ऊँचाई पर मज़बूत ऊर्ध्वाधर हवा की धाराओं (Vertical Air Currents) और निम्न दबाव के क्षेत्र का निर्माण होता है।
  - गर्मियों के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप के ऊपर 'उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम' (Tropical Easterly Jet Stream) तथा हिमालय के उत्तर में 'उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम' (Westerly Jet Stream) की उपस्थिति।
  - उष्णकटिबंधीय पूर्वी स्ट्रीम (अफ्रीकी ईस्टर जेट) की मौजूदगी।

नोट :